सं. ई. 12018/1/2015-हिंदी
हिंदी अनुभाग
कारपोरेट कार्य मंत्रालय

'ए' विंग, 5वां तल, शास्त्री भवन,
डॉ. आर.पी. रोड, नई दिल्ली-110001
दिनांक : 12 फरवरी, 2015

कार्यालय ज्ञापन

विषय: कारपोरेट कार्य मंत्रालय की वार्षिक हिंदी पत्रिका 'कारपोरेट प्रवाहिनी' का पुन: प्रकाशन - रचनाएं आमंत्रित करने के संबंध में

कारपोरेट कार्य मंत्रालय की हिंदी पत्रिका 'कारपोरेट प्रवाहिनी' का वार्षिक आधार पर पुन: प्रकाशन आरंभ करने का निर्णय किया गया है। इस पत्रिका को वर्ष 2015 से प्रतिवर्ष जुलाई माह में प्रकाशित करने का विचार है।

पत्रिका में लेखकों की मौलिक रचनाएं होनी चाहिएं जिसके लिए निम्नलिखित मानदेय भी निर्धारित किए गए हैं :-

विवरण	मानदेय की दरें
लेख, कहानी, निंबंध, एकांकी यात्रा वृतांत, नाटक	1000/-रू.
कविता	300/-रू. से 600/-रू. तक
समीक्षा	300/-रू. से 400/-रू. तक

अत: सभी से अनुरोध है कि वे राजभाषा हिंदी में अपनी मौलिक रचनाएं जैसे कविता, लेख, निबंध, कहानी, यात्रा वृतांत, एकांकी, नाटक, समीक्षा, कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए आधुनिक एवं अग्रगामी कार्यकलापों से संबंधित अपने बहुमूल्य विचार/लेख दिनांक 31 मार्च, 2015 तक हिंदी अनुभाग, कारपोरेट कार्य मंत्रालय में अवश्य भिजवाने की कृपा करें ताकि उसे हिंदी पत्रिका के आगामी अंक में शामिल किया जा सके।

भवदीय

(क्षितीश कुमार)
भारत सरकार के अवर सचिव

प्रतिलिपि:

1. कारपोरेट कार्य मंत्रालय के सभी अनुभाग
2. कारपोरेट कार्य मंत्रालय के सभी प्रादेशिक निदेशक/शासकीय समापक/कंपनी रजिस्ट्रार
3. भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग, नई दिल्ली
4. गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय, नई दिल्ली
5. लागत एवं लेखा परीक्षा शाखा, नई दिल्ली
6. आर एंड ए प्रभाग, नई दिल्ली
7. कंपनी विधि बोर्ड, नई दिल्ली
8. प्रतिस्पर्धा अपील अधिकरण, नई दिल्ली
9. भारतीय कारपोरेट कार्य संस्थान, मानेसार, हरियाणा
10. ई-गवर्नेंस प्रकोष्ठ को मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु